चिकित्सा संस्थानों में डेडिकेटेड वार्ड, बैड व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

सीकर, (निसं.)। चिकित्सा विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई। जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में हुई बैठक में विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने लू-तापघात से बचाव के लिए जिले के चिकित्सा संस्थानों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने जिला व ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना करने, नियमित हीट वेव अलर्ट तथा लू-तापघात से बचाव के बारे में आमजन को जागरूक करने और नरेगा कार्य स्थलों पर श्रमिकों को ओआरएस एवं दवाइयों के किट बनाकर सुपरवाइजर को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला व ब्लॉक स्तर पर रेपिड रेस्पॉन्स टीम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए। सभी चिकित्सा संस्थानों एवं निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा फायर एनओसी के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर अप्लाई करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में हुई बैठक में विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई।

उन्होंने जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव से ग्रसित होकर आने वाले रोगियों के लिए डेडिकेटेड वार्ड व बैड सुनिश्चित करते हुए कूलर, पंखे, दवाइयां व जांच की व्यवस्था व पीने के पानी की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मौसम विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले बुलेटिन के साथ अपडेट रहते हुए ऑन रोड के सभी चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सक, दवाइयां, उपकरण, वार्ड, बैड, नर्सिंग कर्मियों की जानकारी लेते हुए 24 घंटे संस्थान में चिकित्सक व नर्सिंग कर्मी उपलब्ध होने चाहिए।

ऑन रोड चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश: उन्होंने रींगस, पलसाना, खाटूश्यामजी, लक्ष्णमगढ, फतेहपुर, रामगढ सेठान, धोद आदि चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव से बचाव

■ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री प्रदर्शित करने तथा अन्य विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मौसमी विभाग की ओर जारी की गई चेतावनी के अनुसार आगामी दिनों में भी हीट वेव चलेगी। इसको देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हो जानी चाहिए। उन्होंने जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को ऑन रोड चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

सीएसआर के तहत चिकित्सा संस्थाओं में लगेंगे उपकरण: जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को जिन चिकित्सा संस्थाओं में उपकरण की आवश्यकता है, उनकी सूची बनाकर देने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएसआर के तहत चिकित्सा संस्थाओं में उपकरण लगाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए ऐसे संस्थानों की सूची बनाकर देंवे जिनमें चिकित्सक कार्यरत हैं और उनको आमजन के उपचार के लिए उपकरणों की आवश्यकता है, ताकि उनको उपलब्ध करवाए जा सकें।

मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए मलेरिया, डेंगू व बुखार से पीड़ित रोगियों की रक्त स्लाइड लेने में कूदन, फतेहपुर व सीकर अरबन की उपलब्धि कम रही। वहीं ब्लॉक वार वाटर सैम्पल लेने में पलसाना, खण्डेला, सीकर अरबन की उपलब्धि कम होने पर उक्त ब्लॉक के बीसीएमओ को स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्शल चौधरी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि नसबंदी में कूदन, पलसाना व सीकर शहर की लक्ष्य से कम उपलब्धि है। वहीं प्रसव के बाद पीपीआईयूसीडी लगाने में खण्डेला 25.42 सीकर शहर की 27.77 प्रतिशत ही उपलब्धि रही है, जो लक्ष्य से काफी कम है।

नरेगा कार्यों का समय बदला

सीकर, (निसं.)। अतिरिक्त आयुक्त प्रथम ईजीएस जुगल किशोर मीणा ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 के अनुसार 8 घण्टे की कार्य अवधि मय 1 घण्टे के विश्राम काल के निर्धारित है। राज्य में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कार्यों का समय प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे (विश्राम काल रहित) करने के निर्देश जारी किये गये थे। राज्य में प्रचण्ड गर्मी (तापमान) के दृष्टिगत योजनान्तर्गत कार्यों का समय प्रात: 5:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक (विश्राम काल रहित) किया जाता है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है, तो वह किये गये कार्य की माप, मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टारक प्रपत्र में करवाने व समूह मुखिया के हस्ताक्षर उपरान्त प्रात: 10:30 बजे के पश्चात (एनएमएमएस की निर्धारित प्रकियानुसार दूसरी पारी की हाजिरी अंकन उपरांत) कार्य स्थल छोड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था 15 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेगी। इसके उपरान्त कार्यों का समय जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस) स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अधिनियम के प्रावधान के तहत अपने स्तर से निर्धारित कर सकेंगे।

सार-समाचार

रोटरी जलमंदिरों का शुभारम्भ

सीकर, (निसं)। रोटरी क्लब सीकर द्वारा आज बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर तीन जल मंदिर आरंभ किए गए। क्लब अध्यक्ष सीए सुशील अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रोटरी क्लब सीकर द्वारा अपने जल मंदिर स्थापना प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में शहर के विभिन्न स्थानों पर जल मंदिरों का शुभारम्भ किया गया, यथा जाट बाजार में देवकी पान भंडार के पास, कोतवाली रोड़, चितलंगिया स्कूल के पास एवं वाटर कुलर बजाज रोड पर गोविंद भवन के बाहर ठंडे पेय जल की व्यवस्था की गई। प्रोजेक्ट संयोजक रो. लक्ष्मीकांत बियाणी ने बताया कि उक्त अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों मे डॉ जी.एल. राठी, डॉ दीपक गर्ग, सीए सुनील मोर, सीए संजय कुमावत, डॉ अमर सिंह कविया, विनोद खंडेलवाल, विमल सारड़ा, गौरव सोमानी,सीए अनुराग बियानी, फोटो ग्राफर प्रदीप निराणीया व श्रीमती सीता देवी बियाणी आदि उपस्थित थे। क्लब सचिव योगेंद्र शर्मा ने बताया कि रोटरी अंतर्राष्ट्रीय विश्व का सबसे बड़ा गैर सरकारी सेवा संगठन है। पिछले 34 वर्षों से शेखावाटी में अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से जन जन की सेवा को तत्पर रोटरी ने अंचल में मानव सेवा का अलख जगाया है। सेवा के निरंतर पथ मे आज उक्त ठंडे पेयजल की सुविधा के आरम्भ होने से तेज गर्मी के दौर मे राहगीरों को अपनी पानी की प्यास भुझाने मे सहयोग मिलेगा।

किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

तारानगर, (निसं)। तारानगर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर तारानगर के अखिल भारतीय किसान सभा ने गुरुवार को सहायक अभियंता शशिकांत कुलड़िया को ज्ञापन सौंपा। कॉमरेड निर्मल कुमार व जिला परिषद सदस्य तिलोकाराम कस्वां ने बताया कि पिछले दिनों से क्षेत्र में लगातार बिजली की अघोषित कटौती चल रही है जिससे इस भयंकर गर्मी में आमजन परेशान है लोगों के काम धंधे प्रभावित हो रहे हैं किसानों की मूंगफली में नरमें की फसलों की बुवाई भी प्रभावित हो रही है विवाह शादियों के समय आम जनता को भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर अघोषित बिजली कटौती पर तुरंत प्रभाव से रोक नहीं लगी या बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो 29 मई से अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा विद्युत निगम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस मौके पर हरिसिंह बेनीवाल, जिताराम जांदू, सुल्तान, सुमेरसिंह सैनी, श्योकरण भांभू , एडवोकेट मुकेश शर्मा किशन शर्मा, शीशपाल धींधवाल , अमरचन्द पैंसिया सहित काफी लोग मौजूद रहें।

सिवरेज के कार्यो से परेशान वार्डवासी

सुजानगढ, (कासं)। सिवरेज योजना की लापरवाही को लेकर वार्ड 56 के पार्षद गौरव इंदोरिया ने नगरपरिषद में जेईएन को ज्ञापन सौंपा। गौरव इंदोरिया ने बताया कि चिलचिलाती धूप में जब वह नगरपरिषद ज्ञापन देने पहुंचे तो उन्हे जिम्मेदार अधिकारी कमरों में नही मिले। जेईएन को दिए ज्ञापन में पार्षद गौरव ने बताया कि उनके वार्ड में 6 माह से सिवरेज का कार्य चल रहा है। सिवरेज कम्पनी के द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है। सिवरेज फर्स्ट फेज कम्पनी के द्वारा वार्ड में लगाए गये सभी चैम्बर ओवरफ्लो हो रहे है। इसके अलावा सिवरेज के चैम्बर से आने वाला पानी प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र के बाहर जमा हो रहा है। इसके अलावा जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड दिए गये है। पार्षद इंदौरिया ने बताया कि वार्ड के कुछ घरों में कनेक्शन भी नही किया गया है। पार्षद गौरव ने नगरपरिषद पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपरिषद के अधिकारी सिवरेज के कार्यो में मानीटरिंग नहीं कर रहे है। जिसका खामियाजा शहर के लोगों में आगामी समय में भुगतना पडेगा।

राहगीरों को पिलाया गन्ने का रस

सुजानगढ, (का.स)। लॉयंस क्लब द्वारा भामाशाहों के सहयोग से शहर में दो स्थानों पर राहगीरों को गन्ने का रस पिलाया गया। क्लब अध्यक्ष कमल कुमार तापडिया ने बताया कि पवन कुमार दादलिका की प्रेरणा से बी.डी. गाडोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल के पास एवं हनुमानमल, केसरदेव, लॉयन बजरंग बटेसर के आर्थिक सौजन्य से घंटाघर के पास राहगीरों को शीतल एवं ताजा गन्ने का रस पिलाया गया। आयोजन को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष कमल कुमार तापडिया, प्रशांत पारीक, अशोक कुमार जाजू, पीएमओ डॉ. सुरेश चंद्र कालानी, डॉ. रघुवीर तूनवाल, संजय गोयल, कैलाश खण्डेलवाल, रूपेश शर्मा, जयपाल गुलेरिया, तुषार शर्मा, देवकृष्ण मालपानी, सी.ए. अभिषेषक पौद्दार, भुवनेश अग्रवाल ने अपना सहयोग दिया। बटेसर परिवार, महेश सोमानी, पवन कुमार दादलिका, मनोज प्रजापत, युसुफ खान, दुर्गाराम डूकिया, गोपाल जाट ने भी अपनी सेवायें दी।

डॉ. नितेश शर्मा ने किया निरीक्षण

सीकर, (निसं)। लू-तापघात व मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से किए बंदोबस्त का जायजा जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार जायजा लिया जा रहा है। बीसीएमओ पलसाना डॉ नितेश कुमार शर्मा ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र षिष्यू, मिया की ढाणी व किषनपुरा सब सेन्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों पर दवाइयों की उपलब्धता, जांच की स्थिति की जायजा लिया। वहीं वार्ड में कूलर, पंखें, संस्थान में पीने के पानी की माकूल व्यवस्था रखने के निर्देष दिए। वहीं सभी चिकित्सकों व कार्मिकों को ड्रेस पहनकर रखने के निर्देष दिए।

डीईओं ने किया कक्षाओं का निरीक्षण

झुंझुनूं, (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका ने सरकारी स्कूलों में संचालित स्पोकन इंग्लिश कक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी ढाका ने अलसीसर ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय विद्यालय टमकोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीटी लैब में संचालित स्पोकन इंग्लिश कक्षाओं की जानकारी ली तथा संबंधित संस्था प्रधानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग द्वारा गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर वाले संस्थानों पर स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए जीवनरक्षक टीके लगाए। वहीं मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा माह के प्रत्येक गुरूवार को एमसीएचएन दिवस पर गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को पोषण व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की जानकारी दी जाती। चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का दुगुना ध्यान रखना चाहिए और समय समय पर स्वास्थ्य की जांच तथा टीके लगवाने चाहिए। दिन में कम से कम तीन बार भोजन करना चाहिए और प्रसव सरकारी अस्पताल में ही करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरूवार को बच्चों को पीलिया, टीबी, हैपेटाइटिस बी, गलघोंटू, काली खांसी, निमोनिया, टिटनेस, मेनिनजाइटिस खसरा और रूबले, रोटा, दस्त आदि रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए और उनको प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

सीएमएचओं ने जायजा लिया

झुंझुनूं,(निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के दिए निर्देश के बाद पिलानी सीएचसी को नए भवन में शिफ्ट करने के लिए सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने गुरूवार को नए भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि भूमि दानदाता गोविंदराम केडिया द्वारा 4533 वर्ग गज में 2.85 करोड रूपए की लागत से बनाए गए नए भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर ट्रस्टी भी उनके साथ थे। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि भवन काम में लेने लायक स्थिति में है। कुछ छोटी-मोटी रिपेयर की आवश्यकता है। जिसको सीएचसी के एमआरएस फंड से ठीक करवाया जा सकता है। इसके लिए संबंधित सीएससी प्रभारी को निर्देशित कर दिया गया है। सीएमसीएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि आगामी सात दिवस में जिला कलेक्टर के भवन शिफ्ट के आदेश का भूमि दानदाता ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की।

चूरू में हैड कांस्टेबल भर्ती परीक्षा सम्पन्न

चूरू, (कासं.)। कांस्टेबल से हैड कांस्टेबल वर्ष 2019-20 बैच की पदोन्नति लिखित परीक्षा गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित जैन श्वेतांबर विद्यालय में हुई।

एएसपी लोकेंद्र दादरवाल ने बताया कि 37 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर 202 अभ्यर्थियों का पंजीयन हुआ, जिसमें पहली पारी में 157 अभ्यर्थी व दूसरी पारी में 156 अभ्यर्थी उपस्थित

■ 202 अभ्यर्थियों का हुआ पंजीयन

हुये। सामान्य वर्ग के 21, एसटी वर्ग के 12 व एससी वर्ग के चार पदों के लिए लिखित परीक्षा हुई। पहली पारी सुबह नौ से दोपहर 12 बजे व दूसरी पारी की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक हुई।

पहली पारी में 157 व दूसरी में 156 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

एसपी जय यादव ने परीक्षा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा में 31 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी नजर रखे हुये थे। परीक्षा को लेकर तय किए गए सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गये। वहीं सभी कमरों की वीडियोग्राफी भी करवायी गई। एएसपी दादरवाल ने बताया कि लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी।

युवाओं ने एसडीएम को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

खेतडी,(निसं)। खेतडी ब्लॉक में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को हिंदी माध्यम में करने से विरोध पनपने लगा है। स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में यथावत रखें जाने की मांग को लेकर एसएफआई छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

एसडीएम सविता शर्मा को शिक्षा मंत्री के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खेतडी ब्लॉक में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने को लेकर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले थे। अब भाजपा सरकार की ओर से पूर्व में खोले गए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को हिंदी माध्यम में कन्वर्ट किया जा रहा है। स्कूलों को हिंदी माध्यम में न बदलकर यथावत अंग्रेजी माध्यम में ही जारी रखा

■ खेतडी में अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को हिंदी माध्यम में करने का विरोध

जाए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया कि सरकार को ग्रामीण क्षेत्र की तथ्यात्मक जांच करवानी चाहिए। पूर्व में खोले गए अधिकांश स्कूलों में बच्चों को प्रवेश नहीं मिल रहा है।

अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एक सीट के लिए 30 से 35 तक आवेदन पत्र आते हैं। जिसके चलते अधिकांश बच्चों का एडमिशन नहीं हो पा रहा है। सरकार की ओर से पहल करते हुए व शिक्षा निति पर जोर देकर स्कूलों को सुचारू रूप से चलने दिया जाए तथा स्कूलों में होने वाली कमियों में सुधार करें। जिससे गरीब परिवार के बच्चें भी अंग्रेजी माध्यम से पढ कर आगे बढ सकें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को बंद करतीं हैं तो आने वाले समय में एसएफआई संगठन छात्र - छात्राओं के हितों के लिए आंदोलन करेगा। इस दौरान होने वाली किसी भी घटना के लिए सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की रहेगी। इस मौके पर पायल नायक, सोनू सोनी, अभिषेक गोठवाल, हिमांशु, रिंकु कुमारी, शिवानी, मनीषा गोठवाल, दीपेंद्र सिंह, रामफल, प्रकृति कुमारी, प्रियंका सैनी, सुरेश, दीपक शर्मा, अंकिता, निशांत, निक्की, सरिता कुमारी सैनी एवं अन्नु सहित अनेक युवा मौजूद थे।

जाट सेवा समिति को सौंपी जमीन

सुजानगढ, (का.स)। समाजसेवी एड. कुम्भाराम आर्य ने अपनी मां गुमानी देवी की 23 वीं पुण्य तिथि पर जाट सेवा समिति मलसीसर को पट्टा शुदा भुमि उपहार स्वरूप प्रदान की है। तहसील कार्यालय में एड. कुम्भाराम आर्य ने समिति अध्यक्ष एड. गोवर्धन चौधरी को जमीन के दस्तावेज सौंपे। समिति अध्यक्ष एड. गोवर्धन चौधरी ने बताया कि करीब एक करोड रूपये कीमत की 2587 गज जमीन भामाशाह एड. कुम्भाराम आर्य द्वारा अपनी माता जी की 23 वीं पुण्य तिथि पर जाट सेवा समिति को उपहार स्वरूप प्रदान की गई है। इस दौरान समिति अध्यक्ष ने भामाशाह एड. कुम्भाराम आर्य का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान समिति सचिव दिलीप खिलेरी, कोषाध्यक्ष सोहनराम जाखड, एड. ओमप्रकाश घोटिया, एड. रमेश बिस्सू, सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

भीमसर के डॉ. जुल्फिकार ने श्रीलंका में पढ़ा शोध पत्र

झुंझुनूं,(निसं)। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर शोध कार्य करने वाले तथा उनके संदेश को देश-विदेश में प्रचार - प्रसार करने वाले झुंझुनूं जिले के भीमसर गांव के युवा लेखक व चिंतक डॉ. जुल्फिकार ने श्रीलंका के जाफना शहर में (वीआईआर) संस्थान की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में अपना शोध पत्र वर्तमान दृष्टिकोण में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता प्रस्तुत किया।

यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस प्रोफेसर डॉ. उदय तिलकरत्ने व प्रोफेसर डॉ. रसंग रत्नायके की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विश्व के कई देशों के शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। यह कॉन्फ्रेंस हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन) और (ऑफलाइन) में आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढी को

■ वर्तमान दृष्टिकोण में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता प्रस्तुत किया

अपनी आंतरिक शक्ति और क्षमता विकसित करके, दूसरों की सेवा करने और दुनिया में शांति, एकता और सद्भाव को बढावा देकर अधिक पूर्ण और सार्थक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। डॉ. जुल्फिकार विवेकानंद अध्ययन व अनुसंधान के क्षेत्र में देश व विदेश में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। वे विवेकानंद पर कई पुस्तकें भी लिख चुके हैं। डॉ. जुल्फिकार ने खेतडी के रामकृष्ण मिशन पुस्तकालय में स्वामी विवेकानंद के बारे में गहन अध्ययन किया।

झुंझुनूं में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र एवं फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारंभ हुआ

झुंझुनूं, (निसं)। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र एवं फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारंभ शहर के आशीर्वाद टावर में आशीर्वाद हेल्थ केयर सेंटर के अंतर्गत आशीर्वाद मेडिकल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दादूद्वारा बगड के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में बेबी प्रिशा तुलस्यान सुपुत्री सीए प्रशांत-नेहा तुलस्यान एवं मास्टर विहान तुलस्यान सुपुत्र योगेश-अभिलाषा तुलस्यान द्वारा फीता खोलकर किया गया।

शुभारंभ से पूर्व संचालक परिवार के केशरदेव तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान एवं विहान तुलस्यान द्वारा सपरिवार विधि विधान के साथ पूजा - अर्चना एवं हवन यज्ञ संपन्न हुआ। संचालक परिवार द्वारा डॉ. अर्जुनदास महाराज का सम्मान दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण के साथ राम दरबार का प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अर्जुनदास महाराज ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के खुलने से निश्चित ही जरूरतमंद रोगियों को सस्ती दवा मिल सकेगी। वहीं आशीर्वाद मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर पर फिजियोथैरेपी सेंटर एवं अन्य डॉक्टरों की ओपीडी तथा नि:शुल्क

डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में बेबी प्रिशा तुलस्यान एवं मास्टर विहान तुलस्यान ने फीता खोलकर शुभारंभ किया।

चिकित्सा परामर्श शिविर का भी सभी लोगों को लाभ मिल सकेगा। जानकारी देते हुए फिजियोथैरेपी सेंटर के संचालक डॉ. बबिता कुमावत एवं डॉ. धर्मपाल कुमावत ने बताया कि सेंटर पर प्रतिदिन सुबह 9 से अपराह्न 1 बजे तक सेंटर का संचालन होगा। जिसमें सभी तरह के रोगों का फिजियोथैरेपी एवं नेचुरोपैथी से उपचार किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भारत सरकार की जन औषधि योजना के अंतर्गत शुरू किया जाएगा। जिससे गरीब जरूरतमंद रोगियों को जैनेरिक दवाईयां सुगमता से वाजिब मूल्य पर प्राप्त हो सकेगी। साथ ही कम मूल्य पर सर्जिकल आइटम एवं कुछ चुनिंदा इक्विपमेंट भी उपलब्ध हो सकेंगे। संचालक तुलस्यान ने बताया कि उक्त प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के साथ ही आशीर्वाद टावर में आशीर्वाद हेल्थ केयर सेंटर के अंतर्गत आशीर्वाद मेडिकल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का भी शुभारंभ किया गया। जिसमें एक ही स्थान पर सभी तरह के एलोपैथी डॉक्टर के अलावा होम्योपैथी, आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर आदि डॉक्टरों की परामर्श सुविधा एवं विभिन्न तरह की जांच करवाने की भी सुविधा उचित शुल्क पर रोगियों के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें न केवल स्थानीय अपितु जयपुर एवं दिल्ली सहित अन्य शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टर भी अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंगे। पहला नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर मेदांता हॉस्पिटल गुडगांव के विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा 27 मई को आयोजित होगा। विदित है कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना में सरकार

■ डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में बेबी प्रिशा तुलस्यान एवं मास्टर विहान तुलस्यान ने फीता खोलकर किया शुभारंभ

द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयों के दाम बाजार मूल्य से कम है। सरकार द्वारा जन औषधि स्टोर बनाए गए हैं, जहां जेनेरिक दवाईयां उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर आशीर्वाद मेडिकल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक केशरदेव तुलस्यान, डॉ.डीएन तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान एवं विहान तुलस्यान, फिजियोथैरेपी सेंटर के संचालक डॉ. बबिता कुमावत एवं डॉ.धर्मपाल कुमावत, संतोष कुमार भगेरिया सीकर, नवलकिशोर गोयल सुलताना, विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं में प्रमुख रूप से लॉयंस क्लब झुंझुनूं, अग्रवाल समाज झुंझुनूं, श्री गोपाल गौशाला, लघु उद्योग भारती झुंझुनूं, महावीर इंटरनेशनल, महावीर इंटरनेशनल सनराइज, श्री श्याम परिवार, श्री श्याम दीवाने, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था, रामलीला परिषद गांधी चौक, के साथ अन्य गणमान्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव दिवस मनाया

पाटन, (निसं)। कस्बे के डाबला रोड पर स्थित शिव मंदिर परिसर में गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।पाटन व नीमकाथाना ब्लॉक अध्यक्ष लालचंद योगी जोगीवाला ने बताया कि शिवराम योगी कांथली की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करने से पहले उपस्थित नाथ समाज के पदाधिकारी ने गुरु गोरखनाथ की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनकी आरती गाई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बाहर से आने वाले अतिथियों को माला एवं भगवा दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान दर्जनों पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने की बात कही। अध्यक्ष लालचंद योगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रहलाद राय योगी, मुख्य अतिथि सीकर नाथ समाज के जिला अध्यक्ष प्रहलाद जुगलपुरा, सीकर ब्लॉक अध्यक्ष शिवप्रसाद योगी,खंडेला ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम योगी, एवं आसपास गांव से पधारे सैकड़ो की संख्या में नाथ समाज के लोग उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रविकरण व्याख्याता कांथली, सावंत राम योगी प्रधानाचार्य, मुकेश योगी आदि ने सामाजिक कुरीतियों का त्याग करने का संकल्प दिलाया तथा गुरु गोरखनाथ के बताए गए सदमार्ग पर चलने का आव्हान किया।

आंगनबाडी केंद्रों में छुट्टी करने की मांग

भाजपा जिला उपाध्यक्ष भंवर गुर्जर व नरेंद्र सैनी के नेतृत्व भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी को ज्ञापन दिया।

चूरू, (कासं.)। भाजपा जिला उपाध्यक्ष भंवर गुर्जर व नरेंद्र सैनी के नेतृत्व भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि चूरू जिले में आंगनवाडी केन्द्रों में राज्य सरकार द्वारा हिट वेव की चेतावनी के बावजूद भी अभी तक आंगनवाडी केंद्रों की छुट्टी नहीं की गई।

ज्ञापन में मांग की गई कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी आंगनवाडी केंद्रों की छुट्टियां की जाए क्योंकि छोटे बच्चों का लू से ज्यादा खतरा बना रहता है। ज्ञापन में यह भी बताया कि शहर की बहुत सारी आंगनबाड़ियों में पंखे और

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा कलक्टर को ज्ञापन

ठंडे पानी की भी व्यवस्था नहीं है। जिन केंद्रों पर बिजली पंखे और पानी की व्यवस्था नहीं है। उनकी व्यवस्था में सुधार किया जाये। ज्ञापन देने वालो में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सैनी, भाजपा मंडल महामंत्री एडवोकेट सुनील खटीक, विष्णु शर्मा, दाऊद थीम, राजू डायर, ओम प्रकाश, संजय दाधीच, लाल सिंह निर्वाण, इमरान चौहान सहित काफी में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।